# निविदा प्रपत्र

कृषि अनुसंधान केन्द्र (कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर), मण्डोर, जोधपुर में अनुपयोगी/अप्रचलित कृषि/प्रयोगशाला उपकरण, पुराने औजार, फर्नीचर एवं विविध प्रकार के अनुपयोगी सामान इत्यादि, **"जैसा है जहाँ है"** के आधार पर निलामी हेतु मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा स्वीकार करने कि अंतिम तिथिः 20–05–2021 को अपरान्ह 1:00 बजे तक।
निविदा खोलने की दिनांकः 20–05–2021 को अपराह्न 2:00 बजे बाद।

**नोट**ः निविदा प्रपत्र, सम्बंधित विस्तृत विवरण, नियम व शर्तें कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर की वेबसाइट www.aujodhpur.ac.in पर उपलब्ध हैं एवं इच्छुक निविदादाता इसे वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

प्रेषक :

केन्द्रीय भंडार अधिकारी
कृषि अनुसंधान केन्द्र (कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर), मण्डोर, जोधपुर

सेवा में,

मैसर्स/श्रीमान्.................................................................................................................................
.......................................................................................................................................................

विषयः– कृषि अनुसंधान केन्द्र, मण्डोर, जोधपुर में अनुपयोगी/अप्रचलित कृषि/प्रयोगशाला उपकरण, पुराने औजार, फर्नीचर एवं विविध प्रकार के अनुपयोगी सामान इत्यादि की नीलामी के लिए निविदा।

महोदय,

कार्यालय क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान, कृषि अनुसंधान केन्द्र, मण्डोर, जोधपुर की ओर से अनुपयोगी/अप्रचलित कृषि प्रयोगशाला उपकरण/पुराने औजार/फर्नीचर एवं विविध प्रकार के अनुपयोगी सामान इत्यादि, **"जैसा है जहाँ है"** के आधार पर की निलामी हेतु मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका विस्तृत विवरण, नियम व शर्तें संलंग्न अनुसार है। सभी प्रकार से पूर्ण मुहरबन्द निविदा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 20–05–2021 को दोपहर 1.00 बजे तक स्वयं द्वारा या डाक/कोरियर द्वारा प्रस्तुत की जानी चाहिए, अंतिम दिनांक एवं समय के पश्चात निविदा स्वीकार्य नहीं होगी। निविदा दिनांक 20–05–2021 को सायंकाल 2.00 बजे या राजकीय अवकाश होने पर अगले कार्य दिवस को इस संस्थान की निलामी समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के सामने निविदा खोली जाएगी। निविदा खोलने/स्वीकार/अस्वीकार करने/निरस्त करने का अधिकार पूर्णतया अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

भवदीय

केन्द्रीय भंडार अधिकारी
कृषि अनुसंधान केन्द्र (कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर), मण्डोर, जोधपुर

# कृषि अनुसंधान केन्द्र, मण्डोर, जोधपुर
## कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर

### निविदा प्रपत्र
**(अनुपयोगी सामान इत्यादि की नीलामी सूचना)**

निविदा प्रपत्र शुल्क रू 500/–(अक्षरे रू. पाँच सौ मात्र) निविदा प्रपत्र संख्या ......................
रसीद संख्या/बैंक ड्राफ्ट या बैंकर चैक संख्या ...................... दिनांक............................ डिमाण्ड ड्राफ्ट या बैंकर चैक Zonal Director Research, ARS, Mandor, Jodhpur के पक्ष में भुगतान योग्य होना चाहिए।

निविदा सूचना क्र. एफ.( )/क.भ./निविदा/कृ.अ.के./मंडोर/2021/............ दिनांक 20.04.2021 के तहत कृषि अनुसंधान केन्द्र, (कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर) मंडोर, जोधपुर पर **"अनुपयोगी सामान इत्यादि की नीलामी"** हेतु निविदा प्रपत्र धरोहर राशि रु. 50,000/ अक्षरे पचास हजार रु. मात्र बैंक ड्राफ्ट या बैंकर चैक संख्या.....................दिनांक............................ को प्राप्त हुई।

निविदादाता का नाम व पूरा पताः..........................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

दूरभाष/मोबाइल नंबरः ........................................पेन कार्ड नं. ..............................................................

| क्र. सं. | अनुपयोगी सामान विविरण | खरीद दर'* |
|---|---|---|
| 1. | अनुपयोगी/अप्रचलित कृषि/प्रयोगशाला उपकरण, पुराने औजार, फर्निचर एवं विविध प्रकार के अनुपयोगी सामान इत्यादि, **"जैसा है जहाँ है"** | रु...................... <br> अक्षरे रु....................... <br> ................................ <br> ................................ <br> ................................ <br> ................................ <br> ........................ |

निविदा हेतु आरक्षित मूल्य 8,30,000रु *GST-CST किसी भी प्रकार का कर निविदादाता द्वारा दी गयी दर में सम्मिलित नहीं रहेगा।

हस्ताक्षर निविदादाता

# कृषि अनुसंधान केन्द्र (कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर), मण्डोर, जोधपुर

## नीलामी शर्तें व नियम –

1. निविदा के साथ घरोहर राशि रूपये 50,000/–का क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान, कृषि अनुसंधान केन्द्र, मण्डोर (Zonal Director Research, ARS, Mandor, Jodhpur) के नाम राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी डिमाण्ड ड्राफ्ट निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा मान्य नहीं होगी। दिनांक 20–05–2021 को दोपहर 12.00 बजे तक इस कार्यालय के रोकड़ीये से निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। निविदादाता को अपना फोटोयुक्त पहचान पत्र व पेन संख्या की फोटो प्रति उपलब्ध करवाने पर ही निविदा प्रपत्र दिया जायेगा/स्वीकार किया जायेगा।
2. अनुपयोगी सामान के प्रकार के अनुसार उस पर लगने वाले बिक्रीकर/जी.एस.टी. खरीददार को अलग से बिक्रीकर/जी.एस.टी. विभाग के पास जमा करानी होगी एवं सामान उठाने से पूर्व रसीद प्रस्तुत करनी होगी। यदि किसी फर्म का जी.एस.टी. नम्बर नहीं होगा तो वह निविदा के लिए पात्र नहीं होगा।
3. नीलाम किया जाने वाला अनुपयोगी/अप्रचलित कृषि/प्रयोगशाला उपकरण/पुराने औजार/फर्निचर एवं विविध प्रकार के अनुपयोगी सामान इत्यादी, **"जैसा है जहाँ है"** के आधार पर वर्णित स्थल से नीलाम किया जायेगा।
4. इच्छुक निविदादाता उपरोक्त अनुपयोगी सामान इत्यादि को दिनांक 18 एवं 19–05–2021 को कार्यालय समय दौरान 11.00 से 4.00 बजे के तक इस संस्थान में उपस्थित होकर देख सकते है। निविदा प्रपत्र खरीदने पर ही सामान देखने की अनुमति होगी। निविदा खुलने के बाद अप्रचलित कृषि/प्रयोगशाला उपकरण/पुराने औजार/फर्निचर एवं विविध प्रकार के अनुपयोगी सामान इत्यादि के सम्बंध में कोई आपति स्वीकार नहीं होगी।
5. निविदा पूर्ण विवरण सहित भरी जानी चाहिए, अधुरी कॉट–छॉट व अस्पष्ट निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। प्रस्तुत की गई निविदा हस्ताक्षरयुक्त होनी चाहिए, बिना हस्ताक्षर के निविदा मान्य नहीं होगी।
6. निविदा सीलबन्द लिफापे मे उपरोक्तानुसार अंतिम दिनांक व समय तक केन्द्रीय भंडार अधिकारी/ स्टोर कीपर के कार्यालय में रखे निविदा बॉक्स में डाली जा सकती है। डाक सम्बंधित विलम्ब के लिए इस कार्यालय की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। निविदा पत्र के लिफाफे पर **"अनुपयोगी सामान इत्यादि की निलामी के लिए निविदा"** अवश्य लिखें।
7. इस कार्यालय की नीलामी समिति द्वारा निविदा दिनांक 20–05–2021 को सायंकाल 2.00 बजे या राजकीय अवकाश होने पर अगले कार्य दिवस को उपस्थित निविदादाताओं के सामने निविदा खोली जाएगी। निविदा खोलने/स्वीकार/अस्वीकार करने/निरस्त करने का अधिकार पूर्णतया अधोहस्ताक्षरकर्ता को सुरक्षित है।
8. सफल या उच्चतम निविदादाता पार्टी को नीलामी के तुरन्त पश्चात सफल नीलामी बोली कि **एक चौथाई राशि** तुरन्त कार्यालय में जमा करानी होगी।
9. सफल या उच्चतम निविदादाता/पार्टी को नीलाम किए गये अनुपयोगी सामान इत्यादि की स्वीकृत की गई अधिकतम निविदा के अनुसार सम्पूर्ण राशि इस कार्यालय के रोकड़ीये को क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान, कृषि अनुसंधान केन्द्र, मण्डोर (Zonal Director Research, ARS, Mandor, Jodhpur) के नाम राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में अगले दो दिनों में सामान उठाने से पूर्व जमा करानी होगी। यदि अधिकतम स्वीकृत नीलामी बोली निविदादाता सम्पूर्ण राशि जमा कराने में असफल रहता है, तो उसकी जमा की गई बिड/ सिक्युरिटी राशि संथान द्वारा जब्त करली जायेगी और वह अनुपयोगी सामान इत्यादि पुनःनीलाम कर दिये जायेंगे तथा उसमें उनकों भाग लेने का अधिकार भी नहीं होगा।
10. अनुपयोगी सामान इत्यादि नीलामी के सफलतम अधिकतम स्वीकृत दर निविदादाता/फर्म के अतिरिक्त अन्य निविदादाता की धरोहर राशि स्वयं की आई.डी. जाँच उपरान्त या पंजीकृत डाक से लौटा दिया जायेगा।

11. नीलाम किया गया अनुपयोगी सामान इत्यादि वर्णित स्थल से **"जैसा है जहाँ है"** के आधार पर कार्यालय आदेश जारी होने के दो दिन के भीतर उठाना अनिवार्य होगा अन्यथा नीलामी राशि का एक प्रतिशत अलग से चार्ज किया जायेगा एवं एक माह तक अनुपयोगी सामान नहीं उठाने पर नीलामी स्वतः ही निरस्त समझी जावेगी तथा जमा राशि जब्त कर ली जावेगी। नीलामी के नियम व शर्तों का उलन्घन होने पर अनुपयोगी सामान इत्यादि पुनः नीलाम कर दिया जावेगा और इस संबंध में उस पार्टी का कोई अधिकार मान्य नहीं होगा।
12. ऐसी संस्था, पार्टी अथवा व्यक्ति अथवा जिसके जिम्मे व राजकीय / वित्तिय बकाया होगा, नीलामी में भाग नहीं ले सकेंगे।
13. क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान, कृषि अनुसंधान केन्द्र, मण्डोर को बिना कोई कारण बताए निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत या निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।
14. निविदादाता को इन नियम व शर्तों को हस्ताक्षर कर अपनी फर्म / पार्टी के नाम की मोहर लगा कर निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। निविदा सूचना प्रपत्र, विवरण एवं नियम व शर्तों की प्रतिलिपि कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर की वेबससाइट से डाउनलोड की जा सकती है।
15. नीलामी छोड़ने या न छोड़ने का अधिकार क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान, कृषि अनुसंधान केन्द्र, मण्डोर, जोधपुर को होगा।
16. निविदादाता को अपनी पहचान का फोटो युक्त पहचान पत्र, पेन संख्या, मोबाइल नम्बर एवं पूर्ण पता देना होगा। पेन संख्या प्रमाण पत्र की फोटो प्रतिलिपि संलग्न करें एवं साथ में बैंक डिटैल्स A/c, IFSC, Bank Branch Name अवश्य लिखें अन्यथा निविदा मान्य नहीं होगी। साथ ही निविदादाता / फर्म अपना एक केन्सिल चैक या चैक की फोटो कॉपी अवश्य संलग्न करें।
17. नीलामी स्थल पर निविदा खोलने जाते समय कानून एवं व्यवस्था तथा कोरोना गाईड लाईन्स का पालन अवश्य करना होगा।
18. नीलामी हेतु माल सरकारी न्यूनतम बोली निर्धारित की गई है। यदि किसी माल के संदर्भ में प्राप्त निविदाओं में कोट की गई उच्चतम बिड, यदि सरकारी न्यूनतम बोली राशि से कम रहती है तो उस अनुपयोगी सामान इत्यादि की नीलामी नहीं की जायेगी।
19. यदि नीलामी प्रस्तुत करने के सम्बंध में उपरोक्त विवरण / नियम / शर्तें स्वीकारीय हो तो प्रस्तुत निविदा प्रपत्र व इसके साथ संलग्न अनुसूचित (सेड्यूल) में संबंधित अनुपयोगी सामान इत्यादि के विवरण के समक्ष अपनी नीलामी बोली अंकित कर सीलबंद लिफाफे में निविदा प्रस्तुत करने के लिए निर्धारित समय या उससे पूर्व संस्था के केन्द्रीय भंडार अधिकारी / स्टोरकीपर के कार्यालय में रखे निविदा बॉक्स में डालें या प्रस्तुत करें।

क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान
**ZONAL DIRECTOR RESEARCH**